# 2016

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three Hours and *Fifteen Minutes**

***(*15 minutes are given as extra time for reading questions)***

**साधारण निर्देश :**

1. **इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।**
2. **प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।**
3. **प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हर प्रश्न के सामने दिया गया हैं।**
4. **उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।**

## खण्ड-क

**( वाचन – 10 अंक )**

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **1** से **3** तक के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **4** से **7** तक के उत्तर **एक-एक शब्द / शब्द समूह** में लिखिए।

1. 'टिप्पण'-लेखन के आवश्यकं क्रम क्या-क्या हैं? 2

2. टिप्पण का उद्देश्य क्या है ? 2

3. 'टिप्पण एक कला है।' स्पष्ट कीजिए। 2

4. Short Term Course का हिन्दी पर्याय क्या है ? 1

5. Migration Certificate को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

6. Hindi Training Scheme को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

7. Life Insurance को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

## खण्ड-ख

## ( लेखन – 15 अंक )

8. मान लीजिए, आप अपने स्कूल (क) का कैरियर मास्टर रमेश हैं। अपने स्कुल में मनाए जा रहे कैरियर मार्गदर्शन सम्मेलन में आपको 'विद्यार्थी और अनुशासन' अथवा 'खेल-कूद और अनुशासन' विषय में भाषण देना है। इसलिए आप इस सम्मेलन के लिए *लगभग 80* शब्दों में एक भाषण लिखिए। 7

9. राम की ओर से अपने समाचार-पत्र 'दैनिक एक्सप्रेस' में छापने के लिए 'पर्यावरण संरक्षण' अथवा 'वैज्ञानिक उन्नति से हानि' विषय पर लग-भग *90* शब्दों में एक सम्पादकीय लेख तैयार कीजिए। 8

## खण्ड-ग

## ( व्याकरण – 15 अंक )

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **10** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **11** का उत्तर लग-भग **20** शब्दों में लिखिए।

10. पदबंध और अपवाक्य दोनों में अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2+2=4

11. 'श्रद्धा और भक्ति' समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

12. शुद्ध कीजिए : — मैंने उससे मिलने जाना चाहिए था। 1

13. शुद्ध कीजिए : — क्षमा करने में ही बड़ाईपन है। 1

14. शुद्ध कीजिए : — उसका आत्मा साफ है। 1

15. 'खयाली पुलाव पकाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

16. 'चमड़ी को जबान है' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

17. 'उल्टी गंया बहाना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

18. 'अपना वही जो आवै काम' लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **19** और **20** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

19. 'अधिक खाऊ को तनिक-सा भोजन देना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

(क) आटे के साथ घुन पिसना

(ख) ऊँट के मुँह में जीरा

(ग) घाट-घाट का पानी पीना

(घ) हाथों के तोते उड़ जाना

20. 'मूर्ख है और साथ धनी भी' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है ? 1

(क) आँख का अन्धा गाँठ का पूरा

(ख) जिसकी जूती उसी का सिर

(ग) टट्टी का ओट शिकार खेलना

(घ) नंगा क्या धोये क्या निचोड़े

## खण्ड–घ

## ( साहित्य – 60 अंक )

### ( पद्य : प्राचीन — 8 अंक; आधुनिक — 12 अंक )

21. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

ओछो काम बड़े करैं तौं न बड़ाई होय।
ज्यों रहीम हनुमंत को गिरधर कहै न कोय॥

**अथवा**

सुमिर सनेह सों तू नाम रामराय को।
संबल निसंबल को, सखा असहाय को॥

22. निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए । 2+5=7

अहोरात्र है युद्ध।
होटलों, फैक्टरियों, गोदामों, खेतों के
चक्रब्युह में फँसते हैं बच्चे बेखबर।
प्यारो, इन पिंजरों में तुम्हारा पंख फड़फड़ाना
निरर्थक है, इस ऐसे देश में।

**अथवा**

इस आकाश में विलीन हो जाता हूँ मैं ;
यह आकाश आकर विलीन हो जाता है मझमें ;
अलग हुए दो
हो जाते हैं एक
हो जाते हैं।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **23** का उत्तर **लगभग 40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **24** का उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए।

23. 'काश्मीर' कविता के आधार पर 'शक्ति-सूर्य-सा-हँसती!' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 4

24. 'लुहार से' कविता का रचयिता कौन है ? 1

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **25** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्टक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

25. 'यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है —
और मैं एकान्त होता हूँ।'

उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन-सी पठित कविता से उद्धृत की गई है ? 1

(क) लुहार से

(ख) काश्मीर से

(ग) कलगी बाजरे की से

(घ) इस निस्सीम में मैं से

## ( गद्य – 25 अंक )

26. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

आतंकित मन से मैंने यह सोचा था कि पता नहीं इनपर कभी मनुष्य का चरण पड़ा भी है या नहीं या अनन्त काल से इस सूने बर्फ ढके दर्शें में सिर्फ बर्फ के अन्धड़ हू-हू करते करते हुए बहते रहे हैं।

**अथवा**

जाओ, गुरुजनों और बन्धु-बान्धवों के रक्त से अभिषेक कर राजसिंहासन पर विरजो ! मैं तुम्हारे चरणों से शैंदे हुए काँटे की भाँति तुम्हारे मार्ग से हट जाता हूँ।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **27** से **29** तक के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए।

27. 'इस घर की परंपरा अभी खत्म नहीं हुई है।'
'इस घर की परंपरा' क्या है ? उस परंपरा के बारे में लिखिए। 1+3=4

28. मैतैलोन पाठ का लेखक कौन है ? उसके मत में मैतैलोन से संबंधित उत्तर देने में अयोग्य तीनों प्रश्न क्या-क्या है ? 1+3=4

29. पठित पाठ 'महादेवी वर्मा से साक्षात्कार' के सन्दर्भ में
'अगर दोनों मिलकर काम करें तो कोई समस्या नहीं उठेगी।'
पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 4

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **30** से **32** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए।

30. 'महादेवी वर्मा से साक्षात्कार' पाठ में महादेवी वर्मा से साक्षात्कार किसने किया ? 1

31. 'महाभारत की एक साँझ' पाठ से उद्धृत कथन 'अभिमन्यु-वध क्या वीरोचित था ?' किसका है ? 1

32. सावनी प्रसून क्या है ? 1

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **33** से **35** तक के उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्टक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

33. 'निर्बल पशु की भाँति तड़प-तड़प कर अपना दम तोड़ता हूँ'

'महाभारत की एक साँझ' पाठ से उद्धृत इस पंक्ति में निहित 'अपना दम तोड़ता हूँ' वाक्यांश का अर्थ है — 1

(क) बहुत दुख देता हूँ।

(ख) मर जाता हूँ।

(ग) अपना ताकत देता हूँ।

(घ) धोखा देता हूँ।

34. हिमालय की बर्फ को 'चिरन्तन हिम' किसने कहा है ?

(क) लेखक ने।

(ख) भारतवासियों ने।

(ग) एक कवि ने।

(घ) कुछ विदेशियों ने। 1

35. तिब्बत से देश लौटते समय सेनापति चाचा साथ में क्या ले आया ?

(क) पुरानी यादों को साथ ले आया।

(ख) एक बड़ा बोझ साथ ले आया।

(ग) पश्चात्ताप की पवित्रता का लाबादा साथ ले आया।

(घ) साथ में कुछ भी नहीं ले आया। 1

## ( पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक )

36. (क) 'बापू के संस्मरण' अथवा 'मणिपुरी संस्कृति: एक झलक' पाठ का सारांश लगभग **80** शब्दों में लिखिए। 7

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर **लगभग 40** शब्दो में लिखिए।

37. 'यह मैं समझ नहीं पाती।'

पठित पाठ 'सोना' के सन्दर्भ में लेखिका को क्या बात समझ नहीं पाती ? 4

38. पणिपुर को 'छोटा-सा भारत क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 4

---